शिरीष चंद्र मुर्मू नियुक्त हुए RBI के डिप्टी गवर्नर

चर्चा में क्यों?

भारत सरकार ने शिरीष चंद्र मुर्मू को **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** के **नए डिप्टी गवर्नर** के रूप में नियुक्त किया है, जो 9 अक्तूबर, 2025 से प्रभावी होगा। वे **एम. राजेश्वर राव** का स्थान लेंगे।

प्रमुख बिंदु

- **परिचय: शिरीष चंद्र मुर्मू, जो वर्तमान में RBI में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं, को तीन वर्षों की अवधि के लिये इस पद पर नियुक्त किया गया है।**
    - वे वर्ष 1991 में RBI में शामिल हुए और क्षेत्रीय निदेशक जैसे महत्त्वपूर्ण पदों के साथ-साथ बैंकिंग विनियमन, मुद्रा प्रबंधन और सूचना प्रौद्योगिकी में वरिष्ठ प्रबंधन पदों पर भी कार्य कर चुके हैं।
- कार्य: अपने नए पद पर वे बैंकिंग विनियमन, वित्तीय बाज़ार और मौद्रिक नीति सहित प्रमुख दायित्वों का निर्वहन करेंगे।
- नियुक्ति: उनकी नियुक्ति को कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) द्वारा अनुमोदित किया गया था।
    - कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC), जिसकी अध्यक्षता **प्रधानमंत्री** करते हैं और जिसमें **गृह मंत्री** सदस्य होते हैं, वरिष्ठ सरकारी नियुक्तियाँ करने के लिये ज़िम्मेदार है।
- **संरचना:** RBI अधिनियम, 1934 **के अनुसार, केंद्रीय बैंक में चार डिप्टी गवर्नर होने आवश्यक हैं: दो RBI के भीतर से, एक वाणिज्यिक बैंकिंग क्षेत्र से, और एक अर्थशास्त्री जो मौद्रिक नीति विभाग का नेतृत्व करेगा।**
    - वर्तमान डिप्टी गवर्नर में शिरीष चंद्र मुर्मू के अलावा टी. रबी शंकर, स्वामीनाथन जे. और पूनम गुप्ता शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shirish-chandra-murmu-appointed-rbi-deputy-governor